भारत सरकार
जल संसाधन मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *182
जिसका उत्तर 05 दिसम्बर, 2011 को दिया जाना है ।
.....

भूजल पुनर्भरण (रिचार्ज) संबंधी परियोजनाएं

***182. श्री एस. थंगावेलु :**

क्या **जल संसाधन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कई राज्यों में 'भूजल प्रबंधन और विनियमन' नामक केन्द्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत भूजल पुनर्भरण (रिचार्ज) की विभिन्न परियोजनाएं कार्यान्वित की हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने आगामी पंचवर्षीय योजना के दौरान, सभी राज्यों को इस योजना के दायरे में लाने की भी योजना बनाई है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

संसदीय कार्य एवं जल संसाधन मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल)

(क) से (घ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

श्री एस. थंगावेलु द्‌वारा भूजल पुनर्भरण संबंधी परियोजनाओं के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.12.2011 को राज्य सभा में उत्तर दिए जने वाले तारांकित प्रश्न संख्या *182 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।

(क) केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, भूमि जल प्रबंधन और विनियमन नामक केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम के तहत विभिन्न राज्यों में वर्षा जल संचयन एवं कृत्रिम पुनर्भरण के संबंध में प्रदर्शनात्मक परियोजनाएँ कार्यान्वित कर रहा है ।

(ख) XIवीं योजना के दौरान प्रदर्शनात्मक पुनर्भरण परियोजनाओं के लिए 100 करोड़ रूपए की राशि निर्धारित की गई है जिसमें से 61.10 करोड़ रूपए की राशि आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कशमीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैंड, ओड़िशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों में कार्यान्वयन करने वाले अभिकरणों को जारी की गई है ।

(ग) और (घ) 12वीं योजनावधि के दौरान सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में कृत्रिम पुनर्भरण के स्तर को बढ़ाने के लिए भूमि जल के त्वरित कृत्रिम पुनर्भरण संबंधी एक राज्य क्षेत्र स्कीम योजना आयोग को प्रस्तावित की गई है । प्रस्तावित स्कीम की मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं :-

- देश में खाद्‌य सुरक्षा सहित सभी उपयोगों के लिए भूमि जल संसाधन के संवर्धन हेतु उथली गहराई पर भूजल संसाधनों के स्थायित्व को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण के स्तर को बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करना इस स्कीम की मुख्य विशेषताएं हैं ।
- भूमि जल के अति दोहित/ गंभीर ब्लॉकों/ अर्ध गंभीर क्षेत्रों, सूखा प्रवण क्षेत्रों, शहरी क्षेत्रों, लवणता ग्रस्त अंत:स्थल तथा तटीय क्षेत्रों, पहाड़ी भू-भाग और भूजल गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रों वाले जिले इस स्कीम के तहत बल दिए गए क्षेत्र हैं ।

*****

अनुलग्नक I

XIवीं योजना स्कीम के तहत प्रदर्शनात्मक कृत्रिम पुनर्भरण परियोजनाओं के लिए जारी निधि का राज्य-वार विवरण (लाख रूपए में)

क्र. सं.	राज्य	कार्यान्वित की जा रही प्रदर्शनात्मक पुनर्भरण परियोजनओं की संख्या	अनुमोदित लागत	जारी कुल निधि	पुनर्भरण संरचनाओं की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	4	554.04	426.84	117
2.	अरुणाचल प्रदेश	3	395.33	354.63	64
3.	बिहार	2	96.01	67.21	11
4.	चडीगढ़	1	776.03	543.22	54
5.	दिल्ली	1	43.44	30.41	10
6.	गुजरात	2	316.24	221.37	116
7.	हिमाचल प्रदेश	9	179.59	125.66	11
8.	जम्मू और कशमीर	3	78.11	54.68	3
9.	झारखंड	2	191.35	133.94	69
10.	कनार्टक	4	399.90	341.65	162
11.	केरल	7	94.14	77.60	91
12.	मध्य प्रदेश	2	431.86	393.11	40
13.	महाराष्ट्र	1	15.15	15.15	49
14.	नागालैंड	1	113.06	79.14	30
15.	ओड़िशा	14	464.36	325.04	65
16.	पंजाब	3	260.33	110.46	86
17.	राजस्थान	15	59.86	41.90	18
18.	तमिलनाडु	4	526.35	514.35	273
19	उत्तर प्रदेश	3	2771.58	2142.18	176
20.	पश्चिम बंगाल	1	111.09	111.09	30
	कुल	**82**	**7877.82**	**6109.63**	**1475**